Regarding need to expedite action on Khandwa-Alirajpur Rail Line Project in Madhya Pradesh- laid

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** मैं माननीय रेल मंत्री महोदय का ध्यान खण्डवाअलीराजपुर नई रेल लाइन परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मध्य प्रदेश का यह पूरा अंचल, विशेषकर निमाड़ और आदिवासी बहुल क्षेत्र, लंबे समय से बेहतर रेल संपर्क की प्रतीक्षा कर रहा है । प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद रेल सुविधा के अभाव में यहाँ की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विपणन और आर्थिक प्रगति जैसे मूलभूत अवसरों से वंचित है । खण्डवाअलीराजपुर रेल लाइन इस क्षेत्र के लिए विकास का नया मार्ग सिद्ध होगी । यह आदिवासी समुदाय के उत्थान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादों के विपणन, पर्यटन, औद्योगिक निवेश और सामाजिक सुविधाओं के विस्तार को गति देगी । साथ ही खण्डवाइंदौर, दाहोदराजगढ़, झाबुआ, बड़वानी, धार तथा आसपास के जिलों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा । यह परियोजना वर्षों से जनता की अपेक्षाओं में शामिल है, किंतु सर्वेक्षण एवं DPR की प्रगति को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है । अतः मैं रेल मंत्री महोदय से आग्रह करता हूँ कि सर्वे एवं DPR की वर्तमान स्थिति तथा पूर्ण चरणों की जानकारी दें तथा सर्वे, भूमि अधिग्रहण, बजट प्रावधान और निर्माण की संभावित समय-सीमा स्पष्ट करें । अतः निवेदन है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना पर शीघ्र व सकारात्मक कार्रवाई कर सदन को अवगत कराया जाए ।